पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

राज्यपाल ने विभिन्न जनपदों के उत्पाद व परंपरागत कला/क्राफ्ट्स को राजभवन में डिस्प्ले करने हेतु तैयार प्रस्तुतीकरण की समीक्षा की

जनपद के परंपरागत उत्पादों पर किया जाएगा फोकस

उत्पादों का बेहतर तरीके से किया जाएगा प्रदर्शन

ओ0डी0ओ0पी0 उत्पाद व परंपरागत कला को किया जाएगा प्रोत्साहित

–राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

लखनऊः 26 अगस्त, 2023

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज विभिन्न जनपदों के 'एक जनपद–एक उत्पाद' व परंपरागत कला/क्राफ्ट्स को राजभवन में डिस्प्ले करने हेतु तैयार प्रस्तुतीकरण की समीक्षा की।

राज्यपाल जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश अपनी परंपरागत कलाओं के लिए जाना जाता है। प्रदेश के सभी जनपदों के 'एक जनपद–एक उत्पाद' के तहत उत्पाद सामग्रियों तथा परंपरागत कला व क्राफ्ट को प्रोत्साहित किए जाने हेतु राजभवन के विभिन्न कक्षों में इनका प्रदर्शन किया जाना चाहिए। उन्होंने राजभवन में संग्रहालय हेतु भी इन उत्पादों को प्रदर्शित करने के निर्देश दिये।

राज्यपाल जी ने कहा कि विभिन्न उत्पादों का प्रदर्शन बेहतर तरीके से हो। परंपरागत क्राफ्ट/कला निर्माण के वीडियो भी बनाए जाएं और प्रदर्शन में उसे भी दर्शाया जाए। उन्होंने कहा कि लकड़ी, पत्थर, टेक्सटाइल, लेदर से संबंधित विभिन्न परंपरागत उत्पाद सामग्रियों का प्रदर्शन किया जाए।

ज्ञातव्य है कि राजभवन में आने वाले अतिथिगण व विजिटर्स हेतु उत्तर प्रदेश के विभिन्न परंपरागत कला/क्राफ्ट्स सामग्री व 'एक जनपद–एक उत्पाद' के अन्तर्गत शामिल उत्पादों का राजभवन में विभिन्न कक्षों में डिस्पले किया जायेगा, जिससे आगन्तुक उत्तर प्रदेश की प्राचीन व समृद्ध कला से अवगत हो पायेंगे। इस क्रम में विभिन्न उत्पादों के बेहतर प्रस्तुतीकरण हेतु संबंधित उत्पाद पर फोकस करने हेतु प्रकाश व्यवस्था की भी चर्चा की गयी।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्री राज्यपाल डा0 सुधीर महादेव बोबडे, विशेष कार्याधिकारी शिक्षा श्री पंकज जॉनी, एक जनपद एक उत्पाद के संयुक्त आयुक्त श्री सुनील कुमार व संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

––––––

कृष्ण कुमार,
सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र 9717872099